तू करले खाटू आना जाना | By Robin Sangal

तेरी बन जाए बिगड़ी तू करले खाटू आना जाना
तेरी बन जाए बिगड़ी .....

श्याम सहारा हारे का ये जाने दुनिया सारी
जिसका खिवैया कोई रहा न उसकी नाव है तारी
श्याम ने उसको थाम लिया है जिसने हिम्मत हारी
ऊँचा नीचा कोई ना सबको मिलता यहाँ ठिकाना
तेरी बन जाए बिगड़ी .....

वो सेठो का सेठ है प्यारे सब झोली फैलाते
बड़े बड़े राजा भी उनके चरणों में गिर जाते
श्याम धणी सांवरिया देखो सबके भाग्य जगाते
अजनबी दास को अपना बनाया जीवन है महकाया
तेरी बन जाए बिगड़ी .....

तेरी लाचारी का चर्चा महफ़िल महफ़िल होगा
इस दुनिया के आगे रोकर कुछ ना हासिल होगा
रोबिन हालत पर हंस देंगे और दुखी दिल होगा
बुरे समय में हो जाता है हर कोई बेगाना
तेरी बन जाए बिगड़ी .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%86%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a4%be-by-robin-sangal/